an>

Title: Issue regarding displaying racist posters during the protest on the black money issue in Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान एक रंगभेदी टिप्पणी की ओर दिलाना चाहता हूं। कल कांग्रेस पार्टी ने सदन के अंदर रंगभेदी टिप्पणी को लेकर इतना शोर मचाया। एक तरफ कांग्रेस पार्टी ने कल संसद को जाम किया हुआ था तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा के पलवल जिले में दक्षिण अफ्रीका के बच्चों की कालेधन के रूम में एक प्रदर्शनी लगाई हुई थी और उस प्रदर्शनी में जो दक्षिण अफ्रीका के बच्चे थे, उस प्रदर्शनी के ऊपर लिखा हुआ था - ले लो कालाधन, यह कालाधन हिंदुस्तान के अंदर आया है। इस प्रकार की टिप्पणी दक्षिण अफ्रीका के बच्चों के बारे में पलवल की प्रदर्शनी में की गई थी। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के दो एम.एल.ए. मौजूद थे। सारी पार्टी धरने पर बैठी थी। यह सारी खबर पेपर्स में आई है।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि कांग्रेस की अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया गांधी को इस प्रकार के व्यवहार पर, जो कल पलवल में कांग्रेसियों ने दक्षिण अफ्रीका के बच्चों के प्रति दिखाया है, उसके बारे में उन्हें माफी मांगनी चाहिए।